लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1378

14 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

वस्त्र उत्पादन विकसित करने संबंधी नीतियाँ

1378. श्री इंद्रा हांग सुब्बा:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जनजातीय समुदायों द्वारा वस्त्र उत्पादन को विकसित करने के लिए सरकार की कोई नई नीतियां हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) सरकार द्वारा स्वदेशी वस्त्रों को प्रोत्साहित करने के लिए बनाई गई नीतियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) और (ख): सरकार वस्त्र क्षेत्र के संवर्धन और समग्र विकास के लिए जनजातीय समुदायों सहित अखिल भारतीय आधार पर योजनाओं/कार्यक्रमों के रूप में विभिन्न नीतिगत पहलों को क्रियान्वित कर रही है। गांवों में स्वदेशी वस्त्रों को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार हथकरघा, हस्तशिल्प, रेशम, पटसन और ऊन क्षेत्रों के तहत राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम, कच्ची सामग्री आपूर्ति योजना, राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम, सिल्क समग्र, एकीकृत ऊन विकास कार्यक्रम और समर्थ-वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना आदि जैसी विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित कर रही है।

*****